केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू
हिन्दी पखवाड़ा आयोजन रिपोर्ट

<u>प्रतिवेदन</u>

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू संभाग द्वारा दिनांक 13.09.19 से 27.09.17 तक हिन्दी पखवाड़ा एवं 14.09.2019 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी संक्षिप्त रिपोर्ट(आख्या) नीचे दी गई है :-

सर्वप्रथम, दिनांक 13.09.19 को पूर्वाह्न 11.30 बजे कार्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री डी. मन्जुनाथ, उपायुक्त, केविस, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हिन्दी पखवाड़े का विधिवत उद्घाटन किया गया |

उदघाटन के बाद राजभाषा अधिकारी द्वारा कार्यालय में पिछले एक वर्ष के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में कार्यालय द्वारा की गई प्रगति का उल्लेख किया गया तथा निरंतर आयोजित की गई हिन्दी कार्यशालाओं के फलस्वरूप क्षेत्रीय कार्यालय तथा इसके अधीनस्थ विद्यालयों में इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया गया | तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा सभी कार्मिकों को अपना अधिकांश कार्यालीन कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया गया |

कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त महोदय का संबोधन हुआ | उन्होंने हिन्दी भाषा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला तथा पिछले एक वर्ष के दौरान संभाग में हिन्दी की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और सभी कार्मिकों से हिंदी भाषा को अपनी दैनिक दिनचर्या में कार्यालीन कार्य के लिए अधिकांश उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया | उन्होंने राजभाषा नियम तथा अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा की हिन्दी कार्य के प्रति कर्मचारियों में रूचि होना आवश्यक है | उन्होंने कर्मचारियों से हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए कहा | अंत में उन्होंने माननीय मानव संसाधन मंत्रीजी द्वारा जारी संदेश और आयुक्त महोदय की और से जारी अपील को तन, मन और निष्ठां से आत्मसात करने को कहा |

हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह संपन्न होने के बाद क्षेत्रीय कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनके परिणाम नीचे दिए गए हैं :-

1. **हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता – दिनांक 17.09.19**
   प्रथम स्थान - **श्री शेखर सिंह, क.स.स.**

जारी------2/-

दित्तीय स्थान – **कु. अभिलाषा त्यागी, क.स.स.**
तृतीय स्थान – **श्री दिव्य वर्मा, क.स.स.**

2. **हिन्दी टंकण प्रतियोगिता - दिनांक -19.09.19**
   प्रथम स्थान - **श्री दिव्य वर्मा, क.स.स.**
   दित्तीय स्थान – **श्री शेखर सिंह, क.स.स.**
   तृतीय स्थान – **श्री कपिल कुमार, व.स.स.**
3. **सुलेख प्रतियोगिता (सब स्टाफ के लिए) – दिनांक 24.09.19**

   प्रथम स्थान - **श्री रतन लाल**
   दित्तीय स्थान – **श्री मदन लाल**
   तृतीय स्थान – **श्री विजय कुमार**
4. **प्रोत्साहन पुरस्कार के रुप में :**
   क. श्रीमती अर्चना शर्मा
   ख. श्रीमती शीतल

कार्यालय में दिनांक 27.09.19 को 04.00 बजे (अप.) पखवाड़े का समापन समारोह तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया | सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री डी. पी. पटेल, सहायक आयुक्त एवं राजभाषा अधिकारी , केविस, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू के स्वागत के उपरांत हिन्दी अनुवादक द्वारा हिन्दी पखवाड़े की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा राजभाषा अधिकारी महोदय की अनुमति से हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं के परिणाम सार्वजनिक किये गए |

हिन्दी प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को राजभाषा अधिकारी महोदय के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किये गए | पुरस्कार प्रदान करने के बाद महोदय ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि कार्यालय में प्रत्येक कर्मचारी को समर्पित भाव से अपना दैनिक कार्य अधिक से अधिक हिन्दी में निष्पादित करना चाहिए और राजभाषा हिंदी के प्रति अपने दायित्व को पूर्णत: निष्पादित करना चाहिए |

कार्यक्रम के अंत में अनुभाग अधिकारी (प्रशासन), श्री ललित शर्मा जी ने सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा हिन्दी पखवाड़े के सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इसी के साथ हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ |

राजभाषा अधिकारी